सतना | रविवार | 17 अगस्त 2025 | वर्ष 26 | अंक 343 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1938 से

एक नजर में

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु आज लौटेंगे स्वदेश

नयी दिल्ली. भारतीय अंतरिक्ष यात्री और वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज स्वदेश लौटेंगे. इस दौरान वे पीएम नरेंद्र मोदी से दिल्ली मुलाकात करेंगे. उसके बाद लखनऊ जाकर परिवार से मिलेंगे. उनके पिता शंभू दयाल शुक्ला ने बेटे की वापसी पर खुशी जताई. प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर शुक्ला की उपलब्धि को एक अरब सपनों को प्रेरित करने वाली करार दिया था.शुक्ला इस वर्ष जून में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे.

40 करोड़ के बोगस बिल का पर्दाफाश

इंदौर. डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की मुंबई यूनिट ने शनिवार को इंदौर के सियागंज स्थित ओमकार ट्रेडर्स पर छापा मारते हुए 40 करोड़ के बोगस बिलिंग रैकेट का भंडाफोड़ किया. जांच में सामने आया कि पाकिस्तान से दुबई के रास्ते खारक ड्राई फ्रूट मंगाकर उसे वैध बताने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए थे, मामले में जांच की जा रही है. सूत्रों के मुताबिक यह कारोबार जून महीने से सक्रिय था, इसी दौरान डीआरआई ने 1115 मीट्रिक टन माल से भरे 39 कंटेनर जब्त किए थे.

अलास्का में मिले दो बाहुबली

02 घंटे 45 मिनट तक यह वार्ता तीन-तीन के प्रारूप में हुई | **2021** के बाद दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच पहली आमने-सामने मुलाकात

एंकोरेज/वॉशिंगटन/मॉस्को, 16 अगस्त. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शुक्रवार देर रात अलास्का के संयुक्त बेस एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन में बहुप्रतीक्षित शिखर वार्ता हुई. यह बैठक रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने को लेकर तीन घंटे चली. इस वार्ता में दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर चर्चा की, लेकिन यूक्रेन संकट को लेकर कोई ठोस समझौता नहीं हो सका.

यह वार्ता तीन-तीन के प्रारूप में हुई और 2 घंटे 45 मिनट तक चली. 2021 के बाद से दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच पहली आमने-सामने की मुलाकात थी. वहीं, एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि वार्ता में हुई प्रगति की भारत सराहना करता है और आगे का रास्ता संवाद व कूटनीति से ही निकलेगा. साथ ही संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी अमेरिका के अलास्का में हुए रूस-अमेरिका शिखर सम्मेलन का स्वागत किया है. यह जानकारी गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दी. दुजारिक ने कहा हमने अलास्का में शुक्रवार को अमेरिका और रूसी संघ के राष्ट्रपतियों के बीच हुई शिखर वार्ता पर ध्यान दिया है. हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं.

वार्ता के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा, यह बैठक अत्यंत उपयोगी रही. कई बिंदुओं पर सहमति बनी है और कुछ प्रगति भी हुई है, लेकिन कोई अंतिम समझौता नहीं हो पाया. मैं यहां यूक्रेन की ओर से बातचीत करने नहीं आया हूं. यूक्रेन को अपनी शर्तें खुद तय करनी होंगी. मेरा काम केवल उन्हें बातचीत की मेज तक लाना है. ट्रम्प ने संकेत दिया कि जल्द ही दूसरा दौर आयोजित हो सकता है जिसमें यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की भी शामिल होंगे. अलास्का में हुयी यह बैठक अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ की मास्को यात्रा के कुछ ही हफ्तों बाद आयोजित की गयी.

पुतिन ने इस वार्ता को बताया सकारात्मक

वहीं, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी इस वार्ता को सकारात्मक बताया. उन्होंने कहा, यह बातचीत आपसी सम्मान के रचनात्मक माहौल में हुई. हमारे लिए यूक्रेन में जो कुछ हो रहा है वह एक त्रासदी और भयानक घाव है. रूस इसे समाप्त करने में ईमानदारी से दिलचस्पी रखता है. संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना होगा और यूरोपीय देशों को चाहिए कि वे शांति प्रयासों में बाधा न डालें. पुतिन ने यह भी कहा कि इस वार्ता से न केवल यूक्रेन संकट पर समाधान की शुरुआत होगी बल्कि रूस और अमेरिका के बीच व्यापार, डिजिटल तकनीक, उच्च प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण में सहयोग का मार्ग भी खुलेगा.

मोदी आज करेंगे दो राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन

नयी दिल्ली 16 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रोहिणी क्षेत्र में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे. इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे.

ये परियोजनाएँ द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और शहरी विस्तार सड़क- दो (यूईआर-दो) राजधानी को भीड़भाड़ से मुक्त करने की सरकार की व्यापक योजना के तहत विकसित की गई हैं. इनका उद्देश्य कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार, यात्रा समय में कटौती और दिल्ली तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में यातायात को कम करना है.द्वारका एक्सप्रेसवे का 10.1 किलोमीटर लंबा दिल्ली खंड लगभग 5,360 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है. यह खंड यशोभूमि, डीएमआरसी ब्लू लाइन और ऑरेंज लाइन, आगामी बिजवासन रेलवे स्टेशन और द्वारका क्लस्टर बस डिपो को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी भी प्रदान करेगा. इस खंड में पैकेज- एक शिव मूर्ति चौराहे से द्वारका सेक्टर-21 स्थित रोड अंडर ब्रिज तक 5.9 किमी. पैकेज -दो = द्वारका सेक्टर-21 से दिल्ली-हरियाणा सीमा तक 4.2 किमी, जो शहरी विस्तार मार्ग-दो से सीधा संपर्क प्रदान करता है.

एनसीईआरटी के नए मॉड्यूल में जिन्ना

- **जिन्ना-कांग्रेस और माउंटबेटन को ठहराया जिम्मेदार**

नयी दिल्ली,16 अगस्त. एनसीईआरटी ने 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर एक नया मॉड्यूल जारी किया है, जिसमें बंटवारे की जिम्मेदारी तीन पक्षों (मुहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और लॉर्ड माउंटबेटन) पर डाली गई है.

मॉड्यूल के अनुसार जिन्ना ने बंटवारे की मांग की, कांग्रेस ने उसे स्वीकार किया और माउंटबेटन ने जल्दबाजी में इसे मंजूरी दे दी. इसमें कहा गया है कि भारतीय



नेताओं के पास प्रशासन का अनुभव नहीं था, न सेना और न ही पुलिस पर उनकी पकड़ थी, इसलिए बंटवारे के दौरान भयानक त्रासदी हुई. करीब 1.5 करोड़ लोग विस्थापित हुए, लाखों की जान गई और हिंसा, यौन शोषण जैसी घटनाएं सामने आईं. मॉड्यूल में 1946 का डायरेक्ट एक्शन डे, नोआखली और कलकत्ता दंगे, तथा रावलपिंडी की हिंसा को विभाजन की पृष्ठभूमि बताया गया है. इसमें यह भी उल्लेख है कि या तो बटा हुआ भारत या तबाह भारत के जिन्ना के बयान ने कांग्रेस को मानने पर मजबूर किया. एनसीईआरटी ने यह सामग्री कक्षा 6 से 8 और 9 से12 के लिए अलग-अलग मॉड्यूल में जारी की है, जो पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं बल्कि पूरक गतिविधियों जैसे पोस्टर, वाद-विवाद और चर्चाओं में इस्तेमाल होगी.

बीजेपी संसदीय बोर्ड की बैठक आज

नयी दिल्ली,16 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई है जिसमें उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर मुहर लग सकती है. इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ संगठन महासचिव बी एल संतोष समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने उप राष्ट्रपति के चुनाव के लिए उम्मीदवार के चयन की जिम्मेदारी मोदी और नड्डा को दी हुई है.

कांग्रेस के 71 जिलाध्यक्षों के नाम घोषित

भोपाल,16 अगस्त. मध्यप्रदेश कांग्रेस ने लंबे इंतजार के बाद 16 अगस्त को 71 शहरी और ग्रामीण जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी. सबसे बड़ा और चौंकाने वाला नाम गुना जिले से सामने आया है, जहां पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के पुत्र, पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक जयवर्धन सिंह को जिलाध्यक्ष बनाया गया है. वहीं इंदौर के चिंटू चौकसे को जिलाध्यक्ष बनाया गया.

4 महिला और 6 वर्तमान विधायक और 11 पूर्व विधायकों को भी जिलाध्यक्ष की कमान दी गई है. प्रियव्रत को राजगढ़ और मरकाम

जयवर्धन सिंह

चिंटू चौकसे

को डिंडोरी की जिम्मेदारी सौंपी गई है. ये नियुक्तियां 'संगठन सृजन अभियान' के तहत की गई हैं और ये तत्काल प्रभाव से लागू होंगी. कांग्रेस ने जिलाध्यक्षों के चयन के लिए पिछले दिनों पूरे प्रदेश में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की थी. इन्हें जिलों में भेजकर कार्यकर्ताओं की रायशुमारी करवाई गई थी. इस घोषणा के साथ ही कांग्रेस ने आने वाले समय में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों की तैयारी की दिशा में बड़ा कदम उठाया है.

(विस्तृत पेज 2 पर देखें)

Reliance Growth is Life

80 CM (32) Starting from ₹7990* | FHD 102 CM (40) Starting from ₹16990* EMIs of ₹1499* | UHD 108 CM (43) ₹18490*

*Price inclusive of all offers

AFFORDABLE LARGE SCREENS

LG UHD 140 CM (55) ₹44990* EMIs of ₹1990* | UHD 140 CM (55) Starting from ₹24990* | SAMSUNG UHD 140 CM (55) ₹42990* EMIs of ₹2990*

*Price inclusive of all offers

LOWEST PRICE EVER

iPhone 13 128 GB ₹39900* EMIs of ₹2439*

iPhone 15 EMIs of ₹2579* | iPhone 16 EMIs of ₹2954* | iPhone 16 Pro EMIs of ₹9158*

UP TO ₹4000 INSTANT DISCOUNT ON PAPER FINANCE

Built for Apple Intelligence. MacBook Air Starting from ₹49990*

*Price inclusive of all offers

WORK & LEARN

ASUS VIVOBOOK GO AMD R3 7000 Series 16 GB RAM | 512 GB SSD ₹28999* EMIs of ₹1694*

LENOVO IDEAPAD Intel® Core™ i5 12th Generation H Processor | 16 GB RAM | 512 GB SSD ₹47999* EMIs of ₹4000*

GAMING

HP VICTUS AMD R7 8000 Series HS Processor 16 GB | 512 GB SSD | RTX 8 GB 4060 ₹73999* EMIs of ₹6583*

*Prices inclusive of all offers

SCAN TO VISIT WEBSITE OR STORE

डिजिटल इंडिया सेल भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक सेल

17 अगस्त को समाप्त हो रहा है

25% डिस्काउंट*

10% तक इंस्टेंट डिस्काउंट*

₹15,000 तक इंस्टेंट डिस्काउंट# SBI card

न्यूनतम ट्रांजेक्शन: 15,000. ईएमआई ट्रांजेक्शन पर भी वैध. वैधता: 15 अगस्त – 24 अगस्त 2025. नियम एवं शर्तें लागू.

15% तक निश्चित डिस्काउंट* वाउचर अगली खरीदारी पर रिडीम किए जा सकेंगे^

1 EMI मुफ़्त* सभी इलेक्ट्रॉनिक्स पर

BAJAJ FINSERV | HDB FINANCIAL SERVICES REIMAGINING OPPORTUNITIES | HDFC BANK | IDFC FIRST Bank CONSUMER DURABLE LOAN | kotak Kotak Mahindra Bank | TVS CREDIT

5G Mobile Phones Starting from ₹7699*

POCO | MOTOROLA

Reno13 Series 5G Starting from ₹26999* | Reno14 Series 5G 8 GB | 256 GB ₹34999* EMIs of ₹6333*

BENEFITS GET ₹3000* BANK CASHBACK

Y400 8 GB | 128 GB ₹21999* EMIs of ₹6666* | V50 Starting from ₹25999*

BENEFITS GET UP TO 10% CASHBACK

*Prices inclusive of all offers

Reliancedigital PERSONALISING TECHNOLOGY www.reliancedigital.in

WASHUTSAV

TOP LOAD LG 7.5 Kg ₹16990* EMIs of ₹1416* | SAMSUNG 9 Kg ₹20990* EMIs of ₹1749*

FRONT LOAD SAMSUNG 9 Kg AI ₹32490* EMIs of ₹2708* | LG 9 Kg ₹32490* EMIs of ₹2708*

*Prices inclusive of all offers

BOSCH IFB LG SAMSUNG

UP TO 20% CASHBACK* | UP TO 30% CLEARANCE SALE DISCOUNT* | FREEBIES WORTH UP TO ₹6000* | EXCHANGE AVAILABLE*

ASSURED GIFTS*

IRON WORTH UP TO ₹2100* + PHILIPS AIR FRYER WORTH ₹8995 *T&C APPLY

CONVERTIBLE

SIDE BY SIDE HAIER 602L ₹59990* EMIs of ₹2994* | LG 650L ₹72990* 1 EMI FREE EMIs of ₹2999* | SAMSUNG 653L ₹72990* EMIs of ₹2990*

DOUBLE DOOR HAIER 240L ₹19990* EMIs of ₹1490* 2 STAR | WHIRLPOOL 308L ₹29990* EMIs of ₹2490* 2 STAR | CONVERTIBLE SAMSUNG 350L ₹36990* EMIs of ₹2490* 3 STAR

*Prices inclusive of all offers BPL Haier IFB Godrej LG SAMSUNG Whirlpool

BEST DEAL

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE UNLIMITED 5% OFF* NO MINIMUM OR MAXIMUM SPEND LIMIT

1T INVERTER ACs ₹18990* | 1.5T INVERTER ACs ₹19990*

*Price after exchange & bank cashback

EUREKA FORBES SMART ROBOTIC VACUUM CLEANER ₹12499*

*Prices inclusive of all offers

WIDEST RANGE OF LATEST TECH | NO-COST EMIs* | EXTENDED WARRANTY* | FREE DELIVERY* FASTEST INSTALLATION*

INDORE. BHOPAL. JABALPUR. GWALIOR. REWA. SAGAR. SATNA

ALSO SHOP AT: SHOP ANY ELECTRONICS AT MY JIO STORE | Jio DIGITAL LIFE

Unless specified, the retail prices shown are for 1 unit of the product. Terms & Conditions Apply: General: Offers are on select brands & models only. Product visuals are for representational purpose only. Offers valid till stocks last. MRP of all products is inclusive of all taxes. Up to ₹15000 Instant Discount: SBI Card – CC Fullswipe: 10% discount up to ₹1 000 on transactions of ₹15 000 & above. Flat ₹3 000 discount on a minimum transaction of ₹50 000. Flat ₹6 000 discount on a minimum transaction of ₹1 00 000. Flat ₹ 10 000 discount on transactions above ₹1 50 000. CC EMI: 10% discount up to ₹2 000 on transactions of ₹15 000 & above. Flat ₹4 000 discount on a minimum transaction of ₹50 000. Flat ₹8 000 discount on a minimum transaction of ₹1 00 000. Flat ₹15 000 discount on transactions above ₹1 50 000. Offers applicable on purchase of select product & brands only. Offer is applicable across Reliance digital, My Jio Stores & www.reliancedigital.in from 15th August 2025 to 24th August 2025. UP 5% Unlimited Discount on UPI transactions – 5% unlimited discount on UPI transactions. Offer applicable on IT Accessories, Telecom Accessories & Tablets. Offers applicable across Reliance digital & My Jio Stores from 09th August 2025 to 17th August 2025. Up to 15% Assured Discount: Applicable for purchases above ₹10 000 and vouchers redeemable on website. 1 EMI Free: 1 EMI FREE will given to customer max up to ₹2 000 & applicable on select Products/Brands/scheme offer validity:12th Aug to 17th Aug'25. 1 EMI FREE will be given to customer register Bank account with 45 days post 1 EMI clearance. For Paper Finance, benefit shall be given to the customer in form of cashback which shall be posted by respective financier as per their terms.Offers valid on select products only. For detailed offer terms, please visit your nearest store. Offer applicable once per card in Reliance Digital, Digital Select, Digital Mobiles, My Jio stores, Jioma Signature stores.*GST will be applicable on all the FREE products. Please visit the website/store and read the detailed T&Cs. Reliance Retail reserves its right to amend, withdraw/modify the offers at any point of time without any notice. All disputes are subject to jurisdiction of Courts in Mumbai only.